तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026

13 दल्लीराजहरा में गिरने लगा जलस्तर प्रशासन ने शुरू किए ...



14 कलेक्टर का धान संग्रहण केंद्रों का निरीक्षण...





## खबर संक्षेप

### अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बालोद**। बालोद से दल्लीराजहरा मार्ग एक बार फिर खुन से लहूलुहान हो गया। मोहला मानपुर निवासी युवक रायपुर में काम करता था। वहां से अपने घर वापस जा रहा था कि सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मोहला मानपुर के दीघवाड़ी निवासी लोचन कुमार कोवाची मोटर साइकिल से रायपुर से अपने निवास जा रहा था। इसी दौरान गुजरा के पास अज्ञात ट्रक ने बाइक चालक युवक को पीछे से ठोकर मार दी। जिसमे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आस पास के राहगिरों द्वारा 108 की सहायता से जिला अस्पताल लाया गया, जहां गंभीर चोट आने से युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं युवक को टक्कर मारने के बाद अज्ञात ट्रक मौके से वाहन सहित फरार हो गया। जिसमें पुलिस द्वारा शव का पीएम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### पिकनिक से लौट रहा युवक मेटाडोर से गिरा, मौत



**डौंडीलोहारा**। जिले के देवरी थाना क्षेत्र में पिकनिक से लौट रहे छात्रों के साथ एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते मेटाडोर से गिरकर एक 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, ग्राम मोहड़ (डोंगरगांव) निवासी करीब 13 युवक जॉकी पढ़ाई के साथ साथ केटरिंग का भी कार्य करते हैं स्वराज माजदा मेटाडोर (सीजी 07 सीए 0220) से खरखरा डैम पिकनिक मनाने आए थे। बुधवार शाम करीब 5.45 बजे सभी युवक वापस लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम भरनाभाट स्थित शीतला तालाब मोड़ के पास अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया। बताया जा रहा है कि चालक हिमांशु गायकवाड़ वाहन को तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। मोड़ पर संतुलन बिगड़ने से मेटाडोर में सवार युवक टुम्मन पाल अचानक नीचे गिर गया। सिर के बल गिरने से उसे गंभीर चोट आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वाहन में सवार अन्य युवक सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही देवरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281, 106(1) तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### बस्ती चलो घर-घर चलो अभियान में निकले भाजपा सदस्य



**डोंडी**। बस्ती चलो घर घर चलो अभियान में डौंडी नगर के भाजपाई कार्यकर्ता निकले हैं। यह अभियान 7 से 12 अप्रैल तक चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों से सीधा संवाद करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। इस अभियान के तहत, कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों से मिल रहे हैं और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। इस अभियान की शुरुआत मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश में की गई है, जहां भाजपाई कार्यकर्ता गांव-गांव और बस्ती-बस्ती जाकर लोगों से मिल रहे हैं। इस अभियान के माध्यम से, पार्टी कार्यकर्ता लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं और उनका समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। शेष पेज 12 पर

# एसपी पटेल ने किया रक्षित केंद्र का वार्षिक निरीक्षण, दिए इनाम

## उत्कृष्ट टर्न आउट और अनुशासित जवानों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षित केंद्र बालोद का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उत्कृष्ट टर्न आउट एवं अनुशासित अधिकारी–कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। दरबार आयोजित कर अधिकारी कर्मचारियों की गुजारिशें सुनी गई, समस्याओं का त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल द्वारा रक्षित केंद्र बालोद का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस बल की अनुशासनात्मक व्यवस्था, परेड की सुदृढ़ता एवं समस्त टोली के टर्न आउट का निरीक्षण किया गया।





### सुरक्षा मानकों की गहन समीक्षा

इसके अतिरिक्त रक्षित केंद्र के शस्त्रगार आर्म्स एवं एम्युनेशन, कीट स्टोर शाखा सहित अन्य सभी शाखाओं का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शस्त्रें की उपलब्धता, रख रखाव, रिकॉर्ड संधारण एवं सुरक्षा मानकों की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया कि सभी उपकरणों एवं सामग्री का नियमित निरीक्षण एवं अद्यतन रिकॉर्ड संधारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर त्वरित उपयोग संभव हो सके।

परेड में उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों के ड्रेस, अनुशासन एवं कार्यप्रणाली का मूल्यांकन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों को प्रशंसा स्वरूप पुरस्कृत किया गया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षित केंद्र परिसर की साफ–सफाई, बैरक व्यवस्था, कार्यालयीन कार्यप्रणाली एवं दैनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिसर की स्वच्छता, अनुशासन एवं कार्यकुशलता को प्राथमिकता देते हुए नियमित रूप से मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। शासकीय वाहनों के निरीक्षण के दौरान उनके रख रखाव, उपयोगिता शेष पेज 12 पर

## अपराध : वीडियो कॉल रिकॉर्ड कर युवती से मांगे 50 हजार

# अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर की वसूली, आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

थाना बालोद क्षेत्र की एक घटना जिसमें एक युवक ने रूपये की मांग करने के लिए धमकी देकर अश्लील विडियो को इंस्ट्राग्राम में वायरल कर दी था। जिसमे बालोद पुलिस ने आरोपी को जिला बीड महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है।

प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि पीड़िता के मोबाईल नं. में संचालित इन्ट्राग्राम आईडी में आरोपी शेख हमजा से मोबाइल में बातचीत के दौरान पीड़िता के बिना कपड़ों की अश्लील वीडियो को आरोपी ने वीडियो कॉल के दौरान रिकॉर्ड कर लिया था, जिसे वायरल करने की धमकी देकर रूपयों की मांग करने पर 990 रूपए पीड़िता ने आरोपी के मोबाइल में यूपीआई के माध्यम से भेजा था, किन्तु आरोपी द्वारा और 50 हजार की मांग करने पर नहीं देने से आरोपी शेख हमजा ने अपने मोबाइल में प्रार्थी के इन्ट्राग्राम आईडी का उपयोग कर प्रार्थी के वीडियो कॉल के दौरान रिकॉर्ड किए अश्लील वीडियो से स्क्रीनशॉट फोटो को इन्ट्राग्राम में भेज कर वायरल करने की रिपोर्ट पर थाना बालोद में आईटीएक्ट, 308(2), 296 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।



### साइबर सेल की रही अहम भूमिका

अमराई बालेपीर नगर बीड थाना शिवाजी नगर बीड, जिला बीड महाराष्ट्र, वर्तमान पता गोरे बस्ती बालेपीर नगर बीड थाना शिवाजी नगर बीड, जिला बीड महाराष्ट्र निवासी आरोपी शेख हमजा पिता शेख नजीर अहेमद 19 वर्ष की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा, योगेश सिन्हा, आरक्षक थाना बालोद संजय सोनी, आरक्षक सायबर सेल बालोद विपिन गुप्ता की भूमिका रही है।

विवेचना दौरान लगातार आरोपी का पता तलाश में आरोपी शेख हमजा का लोकेशन पता चलने पर तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा ने अपने टीम को लेकर महाराष्ट्र रवाना हुए, जहां लगातार पता तलाश करने के बाद आरोपी शेख हमजा को अमराई बालेपीर नगर बीड थाना शिवाजी नगर बीड, जिला बीड महाराष्ट्र से हिरासत में लिया गया। आरोपी से पुछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया और आरोपी के कब्जे से घटना में उपयोग हुए आईफोन–13 मोबाइल जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाए जाने से 08 अप्रैल के 15.35 बजे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# गांव वालों ने पकड़ी लकड़ी से भरी मेटाडोर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

आदिवासी विकासखंड डौंडी के ग्राम धोबनी अ में वन विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने अवैध लकड़ी से भरी एक मेटाडोर सीजी 24 वी 2088 को पकड़ा था, लेकिन विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में ही चालक वाहन लेकर फरार हो गया। इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने वन विभाग और लकड़ी तस्करों के बीच सांठगांठ का गंभीर आरोप लगाया है।

■ वन विभाग की लापरवाही से तस्कर वाहन लेकर फरार

गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे ग्रामीणों ने चिखलकसा की ओर से आ रही मेटाडोर को रोका। तलाशी लेने पर तिरपाल के नीचे कुसुम और कहुआ (अर्जुन) लकड़ी के करीब 20 बड़े गोले अवैध रूप से भरे मिले। मौके पर जिला पंचायत सभापति चुन्नी मानकर और सदस्य नीलिमा श्याम सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

सूचना पर पहुंचे सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय आसष्टिकर और वन रक्षक की मौजूदगी में वाहन मालिक पोषण सोनकर ने जमकर दबंगई दिखाई। आरोप है कि उसने सत्ता पक्ष के रसूख का हवाला देते हुए जनप्रतिनिधियों से बदतमीजी की। इसी गहमागहमी के बीच, अधिकारियों ने बिना पंचनामा किए चालक को गाड़ी घुमाकर लाने को कहा और चालक मौका पाकर वाहन सहित रफूचक्कर हो गया।

ग्रामीणों का कहना है कि बिना पंचनामा किए गाड़ी को छोड़ने का निर्देश देना अधिकारियों की संलिप्तता दर्शाता है। जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने कहा कि गरीब किसान को लकड़ी ले जाने पर परेशान करने वाला विभाग, बड़े तस्करों के आगे नतमस्तक है। ग्रामीण पंचनामा में वन विभाग की लापरवाही लिखवाना चाहते थे, जिसे अधिकारियों ने नहीं लिखा, फलस्वरूप ग्रामीणों ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया।

### थाने में रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन

देर से पहुंचे वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष ठाकुर ने ग्रामीणों को शांत कराते हुए वाहन मालिक, चालक और लकड़ी तस्करों के खिलाफ डौंडी थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने का आश्वासन दिया है। घटना के समय सरपंच गोदावरी राणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# 'दूध गंगा' स्थल सील, अव्यवस्था पर कलेक्टर ने की कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निरीक्षण के दौरान दुध गंगा में अव्यवस्था पाए जाने पर 9 अप्रैल दुध गंगा को सील कर दिया गया। दुकान को सील करने के बाद भी किसानों से दूध का क्रय एवं विक्रय निरंतर जारी रहेगा, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान न हो।

चिलिंग और स्टोरेज यूनिट को खुला रखा गया है ताकि आम उपभोक्ताओं को दूध की आपूर्ति में कोई असुविधा न हो। संस्था को उपरोक्त कमियों को सुधारने के लिए 15 दिनों का समय दिया गया है। इन कमियों की पूर्ति और प्रशासन द्वारा भौतिक सत्यापन के बाद, यदि सभी मानक सही पाए जाते हैं, तभी इकाई को पुनः संचालित करने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

### स्वच्छता के मानकों में कमियां पाई गईं

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने विगत 09 अप्रैल को गंगा मैया दुग्ध उत्पादक एवं प्रसंस्करण सहकारी समिति का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के मानकों में कमियां पाई गईं। मिठाई निर्माण इकाई और तैयार सामग्रियों में शुद्धता व साफ–सफाई की कमी मिली। फ्लोर बेस के गड्ढों में जमे पानी से दुर्गंध एवं निर्माण कार्य में लगे हलवाइयों द्वारा कैप (टोपी) और ग्लब्स जैसे आवश्यक सुरक्षा संसाधनों का उपयोग नहीं किया जा रहा था। उपरोक्त कमियों को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद के द्वारा जारी आदेशानुसार खाद्य मानकों की अनदेखी करने पर तत्काल प्रभाव से निर्माण इकाई एवं विक्रय इकाई को सील कर दिया गया।

# स्वीकृति के बाद भी अटके विकास कार्य



■ विधायक कुंवर सिंह निषाद ने सरकार पर लगाया भेदभाव का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ द्वारा 15 वित्त आयोग एवं लोक निर्माण विभाग से स्वीकृत विकास एवं निर्माण कार्यों के टेंडर आज तक जारी नहीं हुआ है। इन कार्यों के लिए विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्य के लिए बजट में प्रावधान के पश्चात प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। विभाग की लापरवाही एवं अनावश्यक राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण निर्माण कार्यों का टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। इससे ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि 15 वें वित्त आयोग वित्तीय वर्ष 2023 -24 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से 11 नवीन उपस्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई थी। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हल्दी, सिब्दी, भोथीपार एवं बिरेतरा में आवंटन के अभाव में अधूरे पड़े हैं। इसी प्रकार मनकी, पिनकापार, हड़गहन, गहिरानवागाव, देवरीबंगला, अचौद, व चिचबोड़ के कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति के उपरांत आवंटन के अभाव में टेंडर को निरस्त कर दिया गया है। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा भेंट शेष पेज 12 पर



## अब घर के पास ही सुलझेंगी जमीन से जुड़ी समस्याएं

# राजस्व पखवाड़े में गांव-गांव पहुंचेगा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 1 अप्रैल से 15 जून तक आयोजित किए जा रहे राजस्व पखवाड़ा के तहत ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रशासन ने ठोस पहल शुरू कर दी है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को राहत देना और राजस्व संबंधी कार्यों को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाना है।

राजस्व पखवाड़ा के दौरान क्षेत्र के पटवारी सीधे ग्राम पंचायतों में पहुंचकर शिविर लगाएंगे, जिससे ग्रामीणों को तहसील या कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इन शिविरों में नामांतरण, बटवारा, फौती, त्रुटि सुधार, सीमांकन, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र से जुड़े आवेदन निर्धारित प्रारूप में लिए जाएंगे और उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस पहल से खासतौर पर दूरस्थ गांवों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। प्रशासन का मानना है कि गांव स्तर पर ही समस्याओं का समाधान होने से समय और धन दोनों की बचत होगी, साथ ही शासन के प्रति लोगों का भरोसा भी मजबूत होगा।



अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुरेश कुमार साहू ने बताया कि राजस्व पखवाड़ा को तीन चरणों में व्यवस्थित रूप से संचालित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि "हमारा प्रयास है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति की समस्या का निराकरण मौके पर ही हो। पटवारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुनें और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करें।"

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही आम जनता से अपील की गई है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के अभियान से प्रशासन और जनता के बीच की दूरी कम होगी और समस्याओं का समाधान तेजी से संभव हो सकेगा।

## खबर संक्षेप



### देवार बस्ती से 2.50 किलो ग्राम गांजा जब्त

**भिलाई।** पुलिस चेकिंग के दौरान पुलिस ने अवैध रुप से गांजा रखने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि खुर्सीपार थाना क्षेत्र से देवार बस्ती में पुलिस चेकिंग करने निकली थी। टीम ने घेराबंदी कर 2.50 किलो ग्राम गांजा व नगदी 400 रुपए जब्त किया है। मछली मार्केट देवार पारा, खुर्सीपार निवासी अमजद देवार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि इक्त गांजा उसी का है उसे बेचने के लिए रखा था। गांजा की कीमत 1 लाख 400 रुपए आंकी गई है। मौके पर सीएसपी प्रशांत पैकरा, थाना प्रभारी आनंद शुक्ला मौजूद थे।

### एक्स ओए की बैठक कल

**भिलाई।** बीएसपी एक्स-ओए की आम सभा की बैठक सोमवार, 13 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे प्रगति भवन ओए बिल्डिंग सिविक सेंटर में होगी। बैठक में बिलासपुर हाई कोर्ट में ट्रस्ट के ईपीएस 95 पेंशन केस की स्थिति, कोलकाता हाई कोर्ट के फैसले के प्रभाव, न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की स्थिति, मेडिक्लेम स्कीम 2026 में किए जाने वाले संशोधनों के प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी।

### हेरोईन तस्करी चार आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** हेरोइन की तस्करी करते चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड के किराये के मकान में हेरोईन (चिट्टा) रख कर बेचने की जानकारी मिली थी। मौके पर जामुल पुलिस पहुंची और घेरांबदी कर युवकों को पकड़ा गया। जिसमें भौदपुर थाना तर सिक्का, जिला अमृतसर पंजाब निवासी रजविंदर कौर, मजिठा रोड लक्ष्मी विहार गली 5 अमृतसर पंजाब राजवीर सिंह, अमृतसर पंजाब कुलदीप सिंह, लवप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 91.9 ग्राम हेरोईन और नगदी रकम जब्त किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि हेरोइन को अमृतसर पंजाब से लाकर भिलाई में बेचने की फिराक में थे। हेरोइन की कीमत 18.69 लाख रुपए आंकी गई है।

### लूट का प्रयास करने वाले धरे गए

**भिलाई।** लूट का प्रयास करने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि इंटरप्राइजेस गोदाम के पास रात को दो अज्ञात युवकों ने पीड़ित का रास्ता रोक कर धारदार हथियार दिखाकर नगदी रकम लूटने का प्रयास किया।

## निधन

### जानकी सार्वा



**डौंडीलोहारा।** ग्राम झिटिया निवासी पूर्व जनपद सदस्य डॉ. जे एन सार्वा की पत्नी जानकी सार्वा 73 वर्ष निधन हो गया। वे कुंदन सार्वा की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम झिटिया के मुक्तिधाम में किया गया।

# महतारी वंदन योजना की ई-केवाईसी में अव्यवस्था से महिलाएं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

महतारी वंदन योजना के तहत हितग्राहियों का ई-केवाईसी अनिवार्य किए जाने के बाद क्षेत्र में अव्यवस्था की स्थिति बन गई है। सर्वर की धीमी गति और तकनीकी समस्याओं के कारण महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से ही सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) केंद्रों के बाहर लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं, जहां घंटों इंतजार के बाद भी काम पूरा नहीं हो पा रहा है।

ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंच रहीं महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों के साथ तेज धूप में लाइन में खड़ी नजर आ रही हैं। कई महिलाओं ने बताया कि वे लगातार दो-तीन दिनों से केंद्रों के चक्कर काट रही हैं, लेकिन सर्वर स्लो होने के कारण उनका ई-केवाईसी नहीं हो पा रहा है। इससे उनमें नाराजगी भी देखने को मिल रही है।

कान्हा जनरल एंड लोक सेवा केंद्र के संचालक नीरज सिंह ने बताया कि इन दिनों सर्वर की स्थिति बेहद खराब है। सिस्टम बार-बार हैंग हो रहा है और एक-एक ई-केवाईसी करने में काफी समय लग रहा है। भीड़ लगातार बढ़ रही है, जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने हितग्राहियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि से पहले किसी भी दिन सुविधानुसार आकर अपना कार्य कराएं, ताकि भीड़ से बचा जा सके।

### सर्वर स्लो होने से सीएससी केंद्रों पर सुबह से ही लंबी कतारें



#### किसी भी प्रकार का शुल्क न दें, जल्द होगा सर्वर में सुधार

सीएससी जिला प्रबंधक कमल कांत महतो ने स्थिति को शुरुआती तकनीकी चुनौती बताते हुए कहा कि योजना की शुरुआत में इस तरह की व्यावहारिक दिक्कतें सामने आती हैं, लेकिन जल्द ही सर्वर की गति में सुधार किया जाएगा। विभाग इस पर लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्णतः निशुल्क है और किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। प्रशासन की ओर से भी लोगों से अपील की जा रही है कि वे अफवाहों से बचें और निर्धारित समय सीमा 30 जून तक अपने नजदीकी सीएससी केंद्रों में जाकर ई-केवाईसी करवाएं। साथ ही भीड़ से बचने के लिए जल्दबाजी न करते हुए अलग-अलग दिनों में पहुंचकर सुविधा का लाभ लें। नगर स्थित अभिलाषा कंप्यूटर एवं च्वाइस सेंटर में शुक्रवार को रात 8 बजे तक भी ऐसी भीड़ रही कि महिलाएं चूल्हा चौका छोड़कर ई-केवाईसी कराने में लगी रही।

## हादसा : क्षतिग्रस्त बॉडी में फंसे चालक को डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद निकाला

# तेज रफ्तार हाईवा दो वाहनों को टक्कर मार घर में घुसा, दो घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही- धमतरी मुख्य मार्ग में ग्राम कलंगपुर बस स्टैंड के समीप शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े 3 बजे पारधी पारा के पास धमतरी की ओर से रेत भरकर आ रही हाईवा क्रमांक सीजी 08 एडी 4135 अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक ट्रक एवं विपरीत दिशा में खड़े एक हाईवा को जोरदार ठोकर मार दी। रफ्तार इतनी तेज थी कि दो वाहनों को टक्कर मारने के बाद हाईवा सड़क किनारे मकान में जा घुसी। घटना में ईंट से बना मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं हाईवा के सामने का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में हाईवा चालक विष्णु राम ग्राम ठेलकाडीह के दोनों पैरों में गंभीर चोंटे आईं।

■ परिवार वाले दहशत में, घर में रखी साइकिल-बाइक को नुकसान



हेल्फर को मामूली चोटें लगी जिसे 108 एम्बुलेंस से तुरंत हास्पिटल पहुंचाया गया। घटना में तीनों वाहनों की ठोकर की आवाज से पारधीपारा के लोग घबराहट में उठ बैठे। ज्यादातर लोग सड़क के पास घटना स्थल पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी गुण्डरदेही एवं रनचिराई थाना को दी।

घटना के बाद सड़क पर लोगों की भीड़ से आवागमन बाधित हो गया। जिसे गुण्डरदेही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जेसीबी के माध्यम से वाहनों को सड़क से हटाकर आवागमन दुरुस्त किया। वहीं घटना में हाईवा के भीतर स्टेरिंग में फंसे चालक एवं हेल्फर को पुलिस एवं ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत से घटना के लगभग डेढ़ दो घंटे के बाद बाहर निकाला गया।

### बाल-बाल बचा परिवार

घटना के समय मकान के भीतर कलंगपुर निवासी डिलेश्वर प्रसाद साहू अपने परिवार सहित सो रहे थे। हादसे में परिवार बाल- बाल बचा। घटना के बाद से परिवार भारी सदमे में है।। हादसे में मकान के सामने वाले कमरे में रखी साइकिल, बाइक व अन्य सामानों को नुकसान पहुंचा है।

### रफ्तार पर नहीं रख पाया नियंत्रण

घटना को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि हाईवा बहुत तेज रफ्तार में रहा होगी। चालक को अचानक झपकी आयी होगी, जिससे उसने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे खड़े वाहनों को जोरदार ठोकर मारते हुए मकान में जा घुसा। इस मार्ग पर रोज सैकड़ों हाईवा रात व दिन में तेज रफ्तार व ओवरलोड भरकर एक दूसरे को ओवरटेक करते हुए चलते हैं। जिससे सुबह सड़क पर मार्निंग वॉक पर निकले लोग एवं दोपहिया वाहन चालकों को हमेशा भय बना रहता है। इन हाईवा के तेज रफ्तार व ओवरटेक के चलते आये दिन इस मार्ग पर घटनाएं होती रहती हैं।

# 6 खाद विक्रेताओं को नोटिस और बिक्री पर प्रतिबंध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

किसानों को गुणवत्तायुक्त एवं पर्याप्त मात्र में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने कृषि विभाग द्वारा जिले में लगातार तीसरे दिन जिले में संचालित उर्वरक विक्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। तीसरे दिन छः उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही की गई।

■ कृषि विभाग ने तीसरे दिन भी की बड़ी कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान पी.ओ.एस. मशीन, भौतिक स्कंध एवं कृषकों को वितरित उर्वरक मात्र का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिले के सिन्हा कृषि केन्द्र गुरेदा में विक्रय प्रतिबंध, साहू कृषि केन्द्र झलमला, देवानंद कृषि विकास केन्द्र झलमला, किसान खाद भण्डार, सिकोसा, सार्थक कृषि केन्द्र बालोद, शारदा कृषि केन्द्र पिनकापार में निरीक्षण कर अनियमितता पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसके साथ ही सेवा सहकारी समिति बालोद, सेवा सहकारी समिति गुण्डरदेही एवं सेवा सहकारी समिति कचांदुर में भी स्टॉक का निरीक्षण किया गया एवं पी.ओ.एस. मशीन से नियमानुसार विक्रय हेतु समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया गया। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि कृषकों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरीक्षण लगातार चलता रहेगा एवं उर्वरक विक्रय केन्द्रों में उर्वरकों के भण्डारण एवं वितरण में किसी भी प्रकार से अनियमितता पाये जाने पर संबंधित उर्वरक विक्रेता के विरूध्द उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत कठोर एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। किसानों से अपील है कि अपने रकबा के अनुसार स्वयं के उपयोग हेतु ही खाद प्रतिष्ठानों से खाद क्रय करें तथा यूरिया एवं डीएपी के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक उर्वरक एस.एस.पी., एन.पी. के. एम.ओ.पी., नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं अन्य तरल घुलनशील उर्वरकों का उपयोग कर उत्पादन बढ़ा सकते हैं।

# सदर रोड में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया से बढ़ रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सदर रोड के अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया में विवाद के साथ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। प्रशासन 1929 के कागजात के आधार पर सदर रोड का सीमांकन कर रहा है, यही विवाद का सबसे बड़ा कारण है।

■ सन 1929 के रिकार्ड के आधार पर हटाया जा रहा

प्राप्त जानकारी के अनुसार सन् 1929 के रिकार्ड के आधार पर बताया जा रहा है कि सड़क 40 मीटर चौड़ी थी, तब नगर की आबादी कुछ हजार ही थी एवं यह ग्राम पंचायत श्रेणी की थी। बीते लगभग 100 सालों में शासन के कई आदेश, नियम आए हैं। उससे नगर का स्वरूप बदला है लेकिन कार्यवाही 1929 के रिकार्ड के आधार पर की जा रही है। 1974 में बालोद ग्राम पंचायत से नगर पंचायत के रूप में उन्नत हुआ था। आज जिस प्रकार से प्रशासन ने बीते दो दिनो में सदर रोड का सीमांकन किया है, उसने नगरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतीभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी ने मिटिंग रख इस विशय पर मंथन किया है। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार की रात को भी व्यापारियों की बैठक आहूत की गई है।

### 23 व्यापारियों ने उच्च न्यायालय से लिया है स्थगन

बरहाल शहर के 23 व्यापारियों ने उच्च न्यायालय का रूख कर स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया है। आने वाले समय में अन्य प्रभावित व्यापारी भी उच्च न्यायालय की शरण में जा सकते हैं। हालांकि जनप्रतिनिधि, व्यापारी, आमजन इस समस्या से निपटने बैठक कर चर्चा कर रहे हैं।

# खेती की लागत घटाने व उपज बढ़ाने के लिए हरी खाद उत्तम विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रासायनिक खादों के अंधाधुंध इस्तेमाल से मिट्टी की कम होती उर्वरा शक्ति और बढ़ती लागत को देखते हुए कृषि विभाग ने जिले के किसानों को हरी खाद अपनाने की सलाह दी है। हरी खाद न केवल भूमि को प्राकृतिक रूप से पोषक तत्व प्रदान करती है, बल्कि यह प्रदूषण मुक्त टिकाऊ खेती का सबसे सरल माध्यम भी है।

■ कृषि विभाग ने किसानों को दी सलाह

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, रासायनिक खादों के लगातार उपयोग से जमीन का आर्गेनिक कार्बन और सूक्ष्मजीव नष्ट हो रहे हैं। हरी खाद (जैविक विकल्प) मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटैशियम, जस्ता और लोहे जैसे तत्वों की पूर्ति करती है। इसके उपयोग से मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ती है और मृदा क्षरण में कमी आती है। हरी खाद तेजी से बढ़ने वाली पत्तीदार फसलों को फूल आने से पहले ही खेत में जोतकर मिट्टी में दबा देना। फसल बोने के लगभग 30 से 40 दिन बाद इसे मिट्टी में मिला दिया जाता है। मिट्टी में दबाने के बाद 10 से 15 किलो यूरिया का छिड़काव करने से पौधों का खाद में रूपांतरण जल्दी होता है। जिले के किसानों को उनकी भूमि और जल उपलब्धता के आधार पर फसलों के चयन की सलाह दी गई है, जिसमें अधिक वर्षा और पर्याप्त जल वाले स्थानों के लिए। सूखे की स्थिति और क्षारीय भूमि के लिए। खरीफ या ग्रीष्म काल में, जहाँ जल भराव की समस्या न हो। कम वर्षा और रेतीली भूमि के लिए। हरी खाद की फसलें प्रति हेक्टेयर लगभग 40-50 किग्रा नाइट्रोजन, 10 किग्रा फास्फोरस और 20 किग्रा पोटाश का स्थिरीकरण करती हैं। इससे किसानों को रासायनिक खादों पर निर्भरता कम करनी पड़ती है, जिससे खेती की लागत घटती है और आर्थिक स्थिति बेहतर होती है।

# जिले के 111 परीक्षा केन्द्रों में 12वीं हिंदी की हुई परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बोर्ड परीक्षा 2026 के अंतर्गत 12वीं कक्षा के हिन्दी विषय की परीक्षा पुनः हुई। इसके पूर्व 14 मार्च को 12वीं बोर्ड हिन्दी का परीक्षा संपन्न हुआ था, लेकिन पेपर लीक होने की शिकायत के बाद इस विषय की परीक्षा पुनः आयोजित की गई। जिसमें पांच विकासखण्डों में 111 परीक्षा केन्द्र में 8345 परीक्षार्थी में से 8281 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 64 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे।



जिसमें बालोद विकासखण्ड के 16 केन्द्रों में 1418 परीक्षार्थी में से 1408 परीक्षार्थी उपस्थित थे व 10 अनुपस्थित थे। गुरूर विकासखण्ड के 19 परीक्षा केन्द्रों में 1458 परीक्षार्थी में से 1448 उपस्थित थे व 10 अनुपस्थित थे। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 29 परीक्षा केन्द्रों में से 2070 परीक्षार्थी में से 2050 परीक्षार्थी उपस्थित थे व 20 अनुपस्थित थे।

गुण्डरदेही विकासखण्ड के 26 परीक्षा केन्द्रों में 1958 परीक्षार्थी में से 1948 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए व 10 अनुपस्थित थे। डौण्डी विकासखण्ड के 21 परीक्षा केन्द्र में 1441 परीक्षार्थी में से 1427 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 14 अनुपस्थित रहे।

## डेगरापार में कर्मा जयंती महोत्सव व सामाजिक जागरुकता शिविर

# समाज की परंपरा, संस्कृति व रीति रिवाज को समझें युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा।

तहसील साहू समाज डौंडीलोहारा द्वारा ग्राम डेगरापार में कर्मा जयंती महोत्सव व सामाजिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुंवर सिंह निषाद थे। अध्यक्षता प्रदेश साहू समाज के अध्यक्ष डॉ. निरेंद्र साहू ने की।

■ महिलाओं ने कलशयात्रा निकाली, युवाओं ने किया रक्तदान




जयंती महोत्सव को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सभी सामाजिक बंधु एक दिन समाज को देना चाहिए। समाज के प्रत्येक कार्यक्रम में युवा आगे आए। युवा समाज की परंपरा, संस्कृति, रीति रिवाज को समझे। हमें इतना भी आधुनिक नहीं होना चाहिए कि हम संस्कृति व संस्कारों को ही भूल जाए। पिछड़ा वर्ग में सबसे बड़ा समाज साहू समाज है। हम साहू समाज से सीखते हैं। यह समाज व्यवस्थित समाज है। प्रत्येक समाज में लड़कियां बहुत पढ़ी लिखी है। उन्हें व्यवहार व संस्कार भी सिखाए। प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष ने कहा कि बालोद जिले में समाज का मजबूत संगठन है। सन् 1911 से समाज को संगठित करने का प्रयास किया जा रहा था। सन् 1935 में संगठन तैयार किया गया। आगामी पीढ़ी संगठित नहीं होगी तो दुर्गति ही होना है। साहू समाज प्रत्येक क्षेत्र में मजबूती से आगे बढ़े। भक्ति शक्ति और मुक्ति माता कर्मा के जीवन से सीखना है। विधायक ने परिक्षेत्रीय साहू समाज का डेंगरापार में भवन निर्माण के लिए 10 लाख की घोषणा की। समाज की महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। युवाओं ने रक्तदान किया तथा निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया।

### ये रहे उपस्थित

महोत्सव में पवन साहू,जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, सदस्य गुलशन चंद्राकर, चुन्नी मानकर, पूजा वैभव साहू, जनपद सदस्य अनूपी भूआर्य, सरपंच कलीबाई कोठारी,ममता साहू, परमानंद साहू, गिरधारी लाल साहू, जितेन्द्र साहू,गोपाल साहू,गुलाब साहू, लोकेश्वरी साहू, डा.देवराज साहू, गंगाबाई साहू,मेघनाथ साहू, रमेश सोनवानी, नरेंद्र हिरवानी,केशव शर्मा,कोदूराम दिल्लीवार,सागर साहू उपस्थित रहे।

## पेज 11 का शेष

### एसपी पटेल ने ...

एवं दस्तावेजों की स्थिति का अवलोकन किया गया। साथ ही दो नए शासकीय वाहनों का पूजा कर उद्घाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा वाहनों के नियमित मेंटेनेंस, समय–समय पर सर्विसिंग एवं सुरक्षित संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए, ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न शाखाओं एवं इकाइयों से आए अधिकारी एवं कर्मचारियों की तैनाती स्थानांतरण, आवास एवं यात्र भत्ता तथा अन्य गुजारिशों को सुना गया। उन्होंने सभी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### स्वीकृति के बाद ...

मुलाकात कार्यक्रम जेवरतला रोड में केवट नवागांव से फरदफोड मार्ग निर्माण की घोषणा की थी। इसके बाद 22 सितंबर 2022 को 7 करोड़ 71 लाख 40 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की थी। लेकिन विभाग ने आज तक टेंडर तक नहीं लगाया इसी तरह भरदा बुढानपुर मार्ग देवरी से नर्मदा धाम पहुंच मार्ग, टटैगा से मोहंदीपाट मार्ग तथा पिनकापार से रीवागहन मार्ग की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। लेकिन विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं की है। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री द्वय केशव शर्मा एवं भूपेश नायक ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि प्रशासकीय स्वीकृति के बाद भी कार्यों को रोक कर रखा गया है। प्रदेश की सरकार स्वीकृत कार्यों को निरस्त कर रही है। उन्होंने बताया कि विधायक ने पिछले वर्ष 11 मार्च को निविदा जारी करने वित्त मंत्री को पत्र लिखा था। केवट नवागांव से फरदफोड़ मार्ग के लिए दो बार विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लगाकर बजट सम्मिलित वर्ष से प्रत्येक वर्ष ध्यानाकर्षण कराया गया है। कांग्रेस महामंत्रियों ने बालोद जिले की तीनों विधानसभा में भेदभाव कर स्वीकृत कार्यों को रोक कर निरस्त करने की प्रक्रिया प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही है, जिसकी शिकायत विधायक कुंवर सिंह निषाद ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है।

### बस्ती चलो घर-घर चलो अभियान ...

जिसमें उपस्थित प्रभारी दिनेश अग्रवाल जी भाजपा वरिष्ठ नेता अतिथि के रूप में मोहंतिन चोरका, नगर पंचायत अध्यक्ष डौंडी रुपेश नायक, मंडल अध्यक्ष संजीव मानकर, उपाध्यक्ष पार्षद हितेंद्र धनकर, अनिल निर्मलकर, अमरीका ठाकुर, भुनेश्वरी, रेखा चौहान, कुंभकार, प्रशांत नेताम, यदुनंदन, देवहरि मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र नाहर निलेश जयशवाल अजय चौहान एवं समस्त वार्ड वासी फूलवती शांता कस्तूरी किरण ममता पुन्नी संगीता केसरिया पार्वती कला बुधिया चंदा लता सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### स्व. पूर्णिमा चन्द्राकर को दी गई श्रद्धांजिल

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की मां स्व. पूर्णिमा चंद्राकर के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर निज निवास में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर सामाजिक, राजनीतिक, प्रशासनिक और विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने स्व. पूर्णिमा चन्द्राकर के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। चन्द्राकर परिवार की ओर से सभी आगंतुकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

### पाटन विस में 40 लाख रुपए से होंगे विकास कार्य

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत पाटन विधानसभा अंतर्गत जनहित के विभिन्न कार्यों के लिए 40 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पाटन द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से पाटन क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराए जाएंगे। इसमें ग्राम पंचायत कानाकोट में जैतखाम के पास शेड निर्माण कार्य हेतु 10.00 लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत अमलीडीह के खेल मैदान में अहाता निर्माण कार्य हेतु 18.00 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं।

### बोरई में गूंजेगी श्रीकृष्ण कथा, 18 तक आयोजन

**भिलाई।** बोरई में श्रीमद भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 18 अप्रैल तक किया जा रहा है। यह आयोजन सिन्हा ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रारंभ हुई। इस दौरान विद्वान कथा वाचक रविशंकर डूबे बिरोदा द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, धर्म और जीवन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा और रास लीला जैसे विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का भी वर्णन किया जाएगा। 18 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

### दलहन-तिलहन विक्रय के लिए परेशान हो रहे किसान

**पाटन।** विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी सरकार बतलाते हुए आरोप लगाया है कि पहले खरीफ फसल में धान विक्रय के लिए भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा था और अब अपनी रबी फसल में तिलहन दलहन विक्रय के लिए चक्कर काटने को मजबूर है। किसानों ने अपनी फसल सरसों,चना,मसूर का पंजीयन विधिवत सोसायटियों के माध्यम से पूर्व में ही करवाया था,अब पाटन ब्लॉक के किसानों की पैदावार ऊपज को विक्रय के लिए सेवा सहकारी समिति पाटन को निर्धारित किया गया है। जहां क्षेत्र के किसान प्रतिदिन पहुंचने लगे हैं,दूर दूर से आए किसानों को समिति प्रबंधक द्वारा खाली बारदाना ना मिलने का बहाना बताकर चक्कर लगाने मजबूर कर रहे है। ज्ञात हो कि खरीदी व्यवस्था पूरी करने में असमर्थता जताई जा रही जिसके लिए शासन एवं प्रशासन दोनों जिम्मेदार हैं।

---

समस्या : खराब हैंडपंपों की मरम्मत, जलस्रोतों की सफाई और नियमित मॉनिटरिंग

# दल्लीराजहरा में गिरने लगा जलस्तर प्रशासन ने शुरू किए समाधान के प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



गर्मी का असर तेज़ होते ही दल्लीराजहरा शहर में जलस्तर गिरने की स्थिति धीरे-धीरे सामने आने लगी है। कुछ वार्डों में हैंडपंपों से पानी निकलने में देरी हो रही है, वहीं जलस्रोतों पर दबाव बढ़ता नजर आ रहा है। हालांकि राहत की बात यह है कि नगर पालिका और संबंधित विभाग स्थिति को लेकर पूरी तरह सक्रिय हो गए हैं और समय रहते समाधान के प्रयास तेज़ कर दिए गए हैं।

■ सीएमओ ने दिए तत्काल मरम्मत के निर्देश

शहर के विभिन्न इलाकों में लोगों ने बताया कि हैंडपंपों को पहले की तुलना में अधिक देर तक चलाने पर ही पानी मिल रहा है। इससे साफ संकेत मिल रहा है कि भूजल स्तर में गिरावट शुरू हो चुकी है। कुछ स्थानों पर पानी की गुणवत्ता को लेकर भी शिकायतें सामने आई हैं, जिसे लेकर जांच और सुधार की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। वहीं कुछ लापरवाह और बदमाश किस्म के लोगों ने हैंडपंप को क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिसके कारण आम जनों को काफी परेशानी हो रही है, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को तत्काल निर्देश जारी किए हैं। उनका कहना है कि शहरवासियों को किसी भी प्रकार की पेयजल समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। खराब हैंडपंपों की मरम्मत, जलस्रोतों की सफाई और नियमित मॉनिटरिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

पीएचई विभाग के ई ई सागर वर्मा ने जानकारी दी कि जलस्तर में गिरावट के मद्देनजर वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर भी काम शुरू कर दिया गया है। जहां जरूरत होगी वहां टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाएगी, साथ ही पुराने बोरवेल की जांच और रिचार्जिंग की योजना भी बनाई जा रही है।

स्थानीय नागरिकों रामा, हरे कृष्णा, रितु कुमार, रोहित का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में पानी की समस्या हर साल सामने आती है, लेकिन इस बार प्रशासन की सक्रियता से उम्मीद जगी है कि हालात बिगड़ने से पहले ही काबू पा लिया जाएगा। सामाजिक संगठनों ने भी जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों से पानी के सीमित उपयोग की अपील की है।

पर्यावरण से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सुझाव दिया है कि वर्षा जल संचयन, तालाबों का संरक्षण और भूजल रिचार्ज जैसे उपायों को प्राथमिकता दी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की है कि पानी की बर्बादी रोकने में सहयोग करें।

नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में जल व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही शहर के प्रमुख जलस्रोतों की निगरानी बढ़ाई जाएगी ताकि किसी भी संभावित संकट से समय रहते निपटा जा सके। इस तरह बढ़ती गर्मी के बीच जहां जल संकट की आहट सुनाई दे रही है, वहीं प्रशासन की तत्परता और जनसहभागिता से दल्लीराजहरा में हालात को नियंत्रित रखने की मजबूत उम्मीद दिखाई दे रही है।

---

# भगवान शिव की महिमा सुनकर हर-हर महादेव से गूंजा पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम-अण्डा में 7 से 13 अप्रैल तक आयोजित 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन शुक्रवार को शिव महिमा का अद्भुत वर्णन किया गया। इस दिन कथा वाचक प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार दीवान ने भगवान शिव के सकल साकार एवं निष्कल निर्गुण-निराकार स्वरूप का गहन और भावपूर्ण निरूपण किया। कथा में बताया गया कि भगवान शिव एक ओर जहां साकार रूप में भक्तों के बीच विराजमान होकर उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं, वहीं निष्कल स्वरूप में वे सम्पूर्ण सृष्टि के मूल, अनंत और सर्वव्यापी परम तत्व हैं। इस गूढ़ आध्यात्मिक ज्ञान को सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे।

इस अवसर पर महाशिवरात्रि पर्व के महत्व पर भी विशेष प्रकाश डाला गया। कथा वाचक ने बताया कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, साधना और शिव तत्व से जुड़ने का श्रेष्ठ अवसर है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे इस दिन उपवास, जप, ध्यान और शिव पूजन कर अपने जीवन को सार्थक बनाएं। कथा स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण /"हर-हर महादेव/" के जयघोष से गूंज उठा।आयोजक परदेशी राम सिन्हा,श्रीमती बिन्दा बाई सिन्हा, रोम लाल सिन्हा, रिखी सिन्हा आयोजकों ने समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस पावन आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण एवं यज्ञ में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करें।



---

सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा क्रांति मेडिकल

# स्व. कमल चंद जैन की स्मृति में आयुर्वेद चिकित्सालय को वाटर कूलर भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



क्षेत्र में जनसेवा का एक प्रेरणादायी उदाहरण सामने आया है, जहां क्रांति मेडिकल स्टोर्स द्वारा स्व. कमल चंद जैन की पुण्यतिथि पर आयुर्वेद चिकित्सालय चिखलाकसा को वाटर कूलर दान किया गया। इस पहल का उद्देश्य अस्पताल आने वाले मरीजों एवं परिजनों को स्वच्छ और शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे गर्मी के मौसम में राहत मिल सके।

इस अवसर पर आयोजित सादगीपूर्ण उद्घाटन कार्यक्रम में नगर पंचायत चिखलाकसा की अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे पार्षद हेमकुंअर तारम सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्रांति जैन एवं उनके परिवार के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली, जिससे वातावरण सेवा भावना से ओतप्रोत रहा। क्रांति जैन ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल उनके पिता की स्मृति को समाजसेवा के माध्यम से जीवित रखने का एक छोटा सा प्रयास है। उन्होंने कहा कि समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है, ऐसे में हमारा भी कर्तव्य है कि हम जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं। अस्पताल में आने वाले मरीजों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना एक आवश्यक सेवा है, और इस दिशा में योगदान देकर आत्मिक संतोष मिलता है।

यह उल्लेखनीय है कि क्रांति जैन पूर्व से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। समय-समय पर उन्होंने निःशुल्क चिकित्सा शिविर, नेत्र परीक्षण शिविर एवं अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी यह नई पहल भी उसी सेवा परंपरा की एक कड़ी है, जिसे क्षेत्रवासियों ने सराहा।

कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सालय प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, वर्षा, एंजेल आभा कुजूर, पूनम चंद सोनकर सहित अस्पताल स्टाफ एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने इस जनहितकारी कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

---

# संघ के शताब्दी वर्ष पर शतक फिल्म का प्रदर्शन कल

## परिवार प्रबोधन कार्यक्रम में जुटेंगे शहरवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शहर में एक विशेष और प्रेरणादायी आयोजन होने जा रहा है। संघ द्वारा परिवार प्रबोधन अभियान के अंतर्गत संघ की कार्यप्रणाली और विचारों पर आधारित फिल्म शतक का प्रदर्शन 11 अप्रैल को रात्रि 8 बजे सरस्वती शिशु मंदिर, दल्लीराजहरा में किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता की उम्मीद जताई जा रही है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से समाज में अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करने का कार्य कर रहा है। अपने शताब्दी वर्ष में संघ ने समाज की सृजनात्मक शक्ति को एकजुट कर एक संगठित, सशक्त और समृद्ध भारत के निर्माण का संकल्प दोहराया है। इसी उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें परिवारों की सहभागिता को विशेष महत्व दिया गया है। नगर कार्यवाह मिथलेश साहू ने बताया कि परिवार प्रबोधन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का व्यापक अभियान है। इसके माध्यम से परिवार संस्था को मजबूत करने, सामाजिक समरसता बढ़ाने और राष्ट्रहित के मूल्यों को जीवन में उतारने का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने नगर के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित इस आयोजन में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

कार्यक्रम से जुड़े अन्य कार्यकर्ताओं का भी मानना है कि इस प्रकार के आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके अनुसार, "शतक" फिल्म के माध्यम से संघ के सौ वर्षों के सफर, उसके विचार और समाज निर्माण में योगदान को सरल और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जो नई पीढ़ी के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायी साबित होगा।

---

# राजस्व प्रकरणों का समुचित निराकरण करें अधिकारी

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम टेंगना बरपारा के ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुंचकर राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित हल्का पटवारी एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर में प्राप्त राजस्व संबंधी प्रकरणों का समुचित निराकरण करने के दिए निर्देश। इस मौके पर

■ राजस्व पखवाड़ा शिविर में शामिल हुईं कलेक्टर

कलेक्टर मिश्रा ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनके राजस्व संबंधी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत उनके गांव में आयोजित शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने को कहा। इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित हल्का पटवारी एवं अन्य कर्मचारियों से राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों के संबंध में सुविधा प्रदान करने हेतु प्रचार-प्रसार की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।उन्होंने हल्का, पटवारी एवं कर्मचारियों को राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविरों की समुचित प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने हल्का पटवारी से शिविरों में बी-1 के वाचन आदि के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने हल्का पटवारी एवं अन्य कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों में जब तक ग्रामीण रहेंगे तब तक आप सभी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

---

# गौ माता संरक्षण की बैठक में शामिल होंगे संत रामबालक दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

गौ माता सम्मान एवं संरक्षण के पावन उद्देश्य को लेकर डौंडीलोहारा तहसील में विशाल आयोजन की तैयारी जोरों पर है। इसी कड़ी में संत रामबालक दास पाटेश्वर धाम के सानिध्य में 11 अप्रैल को संध्या 4 बजे स्थानीय गायत्री मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

इस बैठक में गौ माता सम्मान आवाहन अभियान से जुड़े समस्त कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों एवं गौ-भक्तों को आमंत्रित किया गया है। संत रामबालक दास जी अपने ओजस्वी मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेंगे तथा आगामी 27 अप्रैल को होने वाले विराट आयोजन की अंतिम रूपरेखा तय की जाएगी। विदित हो कि देशभर के संतों के आह्वान पर गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने, उनके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सशक्त केंद्रीय कानून बनाए जाने



की मांग को लेकर 27 अप्रैल को पूरे देश के तहसील मुख्यालयों में एक साथ विशाल जनआंदोलन का आयोजन प्रस्तावित है। इस ऐतिहासिक अभियान के तहत 35 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन केंद्र एवं राज्य सरकार को सौंपा जाएगा। डौंडीलोहारा तहसील में भी इस दिन अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ने की संभावना है। आयोजन समिति द्वारा जानकारी दी गई है कि 27 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से गायत्री मंदिर के समीप बने भव्य पंडाल में कार्यक्रम प्रारंभ होगा, जिसमें सुबह 8 से 10 बजे तक भजन-कीर्तन एवं गौ कथा का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात हजारों की संख्या में गौ-भक्त, किसान, युवा, व्यापारी, कर्मचारी, महिलाएं एवं ग्रामीणजन गौ माता और नंदी जी के प्रतीकात्मक नेतृत्व में विशाल रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचेंगे और सरकार के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

इस विराट आयोजन को सफल बनाने के लिए संतों के मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं की विशेष टोलियों का गठन किया गया है, जो गांव-गांव जाकर जनजागरण अभियान चला रही हैं। आयोजन समिति ने तहसील के समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गौ माता के सम्मान एवं संरक्षण के इस महाअभियान को सफल बनाने की भावपूर्ण अपील की है।

---

# राजस्व पखवाड़े में आमजन की समस्याओं का हो रहा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आम जनता की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण हेतु जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में अलग-अलग तिथियों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत 10 अप्रैल को जिले के सभी विकासखण्डों के विभिन्न पंचायतों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान आम जनता से प्राप्त अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई, नक्शा बटांकन, फौती नामांतरण, बटवारा, अभिलेख त्रुटिसुधार आदि से संबंधित राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया। ग्रामीणों ने शुक्रवार को सुबह से ही अपने राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु ग्राम पंचायतों में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया।

■ अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, वृक्ष कटाई, नक्शा बटांकन, फौती नामांतरण सहित हो रहे अन्य कार्य

### इन जगहों पर आज होगा आयोजन

जिले में आयोजित राजस्व पखवाड़ा के इसी अनुक्रम में 11 अप्रैल को बालोद तहसील के ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर, भोथली, अमोरा, दरबारी नवागांव, परेंगुड़ा, गुण्डरदेही तहसील के ग्राम पंचायत कुथरेल एवं खुटेरी रंग, डौण्डीलोहारा तहसील के ग्राम पंचायत कसही, देवरी तहसील के ग्राम पंचायत जेवरतला में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।

### तीन चरणों में हो रहा आयोजित

उल्लेखनीय है कि 'राजस्व पखवाड़ा' अप्रैल से जून तक तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा हैं। इसके अंतर्गत अप्रैल माह में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल, मई माह में 4 मई से 18 मई तथा जून माह में 1 जून से 15 जून तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।

---

ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन जिला बालोद ने की हौसला अफजाई

# रमज़ान में रोज़ा रखने वाले बच्चों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से रमज़ान में रोज़ा रखने वाले 11 साल तक के बालोद जिले के कुल 120 नन्हें रोजदार बच्चों का सम्मान किया गया।

बच्चों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं उपहार देकर उनका हौसला अफजाई की गई। ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन जिला बालोद के अध्यक्ष अजहर कुरैशी के नेतृत्व में जामा मस्जिद ग्राउंड बालोद में सम्मान समारोह हुआ। समारोह में रमज़ान माह में कौम के खिदमत करने वाले समाज के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन वकार कुरैशी, आदिल हामिद सिद्दीकी और अर्शिया आलम ने किया। इस दौरान कार्यकम में प्रमुख रूप पेश इमाम जामा मस्जिद बालोद शकील चिश्ती, मुतवल्ली इंतेजामिया कमेटी बालोद के मुतवल्ली शाहिद खान, ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज प्रदेश उपाध्यक्ष जुबैर मेहमूद, प्रदेश कार्यसमिति समिति सदस्य आदिल हामिद सिद्दीकी व अर्शिया आलम सहित दुर्ग संभाग अध्यक्ष हाजी जाहिद अहमद खान, संभाग सचिव रहीम मोहम्मद सहित धमतरी, राजनांदगांव व बालोद जिले के समस्त पदाधिकारी, उपाध्यक्ष वकार कुरैशी, निजामुदीन कुरैशी, बशीर खान, सचिव हसनात सिद्दीकी, सह सचिव रिज़वान कुरैशी, अय्यूब खान, कोषाध्यक्ष आवेश मेमन बालोद शहर अध्यक्ष हक्कानी हसन, दल्ली राजहरा शहर अध्यक्ष मोहम्मद सरफराज, कार्यक्रम संजोयक इरशाद खान, सोशल मीडिया प्रभारी कामरान खान , प्रचार प्रसार प्रभारी हकीम ताज, कार्यकारणी सदस्य सेजल खान, अकबर खान, जमील खान, फिरोज़ खान, जिला हमशीरा ग्रुप की अध्यक्ष हसीना बेगम व उनकी कार्यकारणी सहित समस्त पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

---

# खंडहर में मासूम बच्ची को बोरे में बंद कर फेका, अनाचार का प्रयास

**भिलाई।** पांच साल की मासूम बच्ची के बोरे में बंद मिलने से सनसनी फैल गई। मासूम के साथ अनाचार का प्रयास किया गया है। मामले में पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उतई पुलिस बताया कि उतई बंजारी पारा में खंडहर के पास खुली झाड़ियों में बच्ची अचेत अवस्था में बोरे में बंद मिली। पैर बाहर से दिख रहा था। ग्रामीणों ने अचानक बोरी को हिलते डूलते देखने पर पुलिस को सूचना दी। बोरी खोलकर देखने पर बच्ची का मुंह तकिया कवर से बंधा मिला। बच्ची काफी डरी सहमी हुई थी। तुरंत उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। बच्ची अपने घर से अचानक लापता हो गई थी। परिवार व ग्रामीणों ने आसपास खोजबीन करना शुरु कर दिया था। काफी देर के बाद 2 युवकों ने खंडहर के पास एक बोरा पड़ा देखा। संदेह होने पर जब बोरा खोला गया तो भीतर बच्ची मिली। उसका मुंह तकिया कवर से बंधा हुआ था। चिकित्सकों के मुताबिक बच्ची काफी घबराई हुई है। उसका मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है, जिसके बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा। घटना की खबर लगते ही उतई पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम भी पहुंची और सबूत जुटाए गए हैं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### चिपरा में नंदी की गाजे बाजे के साथ निकाली गई अंतिम यात्रा

**कुसुमकसा।** ग्राम चिपरा में एक आस्था और श्रद्धा का अनूठा उदाहरण देखने को मिला, जहां 18 वर्षीय नंदी (बैल) के निधन पर पूरे गाँव ने उसे एक परिवार के सदस्य की तरह विदाई दी। नंदी की अंतिम यात्रा बाजे-गाजे और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ निकाली गई। ग्रामीणों ने बताया कि यह नंदी पिछले 15-16 वर्षों से ग्राम चिपरा में ही रह रहा था और पूरे गाँव की आस्था का केंद्र बन चुका था। शुक्रवार को जब नंदी का निधन हुआ, तो शोक की लहर दौड़ गई। नंदी की अंतिम यात्रा को गाँव की मुख्य गलियों में भ्रमण कराया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने जगह-जगह अपने घरों के सामने दीप प्रज्वलित किए और नंदी की आरती उतारकर भावभीनी विदाई दी। अंतिम संस्कार स्थल पर पहुँचकर धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ उसे विदा किया गया। इस भावुक विदाई और अंतिम संस्कार के दौरान ग्राम पंचायत चिपरा के सरपंच यशराम राणा, उपसरपंच गिरधारी राम राणा, ग्राम प्रमुख उमेंदी राम कोमा और ग्राम पटेल अंजोर सिंग विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही अलेंद्र डोमार कौशिक, पुनाराम, ढालूराम, कृपाल, छतर सिंग कोमा, ग्राम कोटवार कमल देव बरसागड़े और संदीप कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। गाँव में नंदी के प्रति यह गहरा प्रेम और सम्मान चर्चा का विषय बना हुआ है।

### 10वीं बार रक्तदान कर नरेंद्र ने दिया मिसाल



**डौंडीलोहारा।** समाज सेवा और मानवता की भावना का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए ग्राम गहिरा नवागांव के उप सरपंच नरेंद्र सहारे ने 10वीं बार स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंदों के जीवन को नई आशा दी है। उनका रक्त समूह बी पॉजिटिव है और वे अब तक कई जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदाता बन चुके हैं। नरेंद्र सहारे ने बताया कि उन्होंने राजनांदगांव, दल्ली राजहरा, डौंडी लोहारा, डोंगरगांव और देवरीबंगला सहित विभिन्न स्थानों पर जाकर जरूरतमंदों को निशुल्क रक्तदान किया है। उनका मानना है कि रक्तदान महादान है, जिससे किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है। वे युवाओं से भी नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील करते हैं। गांव और क्षेत्र में नरेंद्र सहारे की इस पहल की व्यापक सराहना हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे समाजसेवी व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं, जो बिना किसी स्वार्थ के मानव सेवा में लगे रहते हैं।

### एकलव्य विद्यालय में कक्षा 7वीं और 9वीं के लिए प्रवेश शुरू

**डोंडी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, डोंडी, में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 एवं कक्षा 7 में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विद्यालय में कक्षा 9 में कुल 2 रिक्त सीटें (01 बालक एवं 01 बालिका) तथा कक्षा 7 में 1 रिक्त सीट (बालक) उपलब्ध है, जिनमें प्रवेश ईएमआरएसएलटी (लैटरल एंट्री टेस्ट) के माध्यम से किया जाएगा। प्रवेश के लिए ऑफलाइन पंजीकरण दिनांक 11 अप्रैल 2026 से 20 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सायं 4:00 बजे तक विद्यालय कार्यालय में किए जाएंगे।

**निरीक्षण : कलेक्टर ने जगतरा और धोबनपुरी धान संग्रहण केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया**

# कलेक्टर का धान संग्रहण केंद्रों का निरीक्षण हमालों के लिए विश्राम शेड बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम जगतरा एवं धोबनपुरी धान संग्रहण केन्द्र के अलावा धान खरीदी केन्द्र धनोरा का आकस्मिक निरीक्षण कर समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की उचित रखरखाव एवं धान का समुचित उठाव आदि के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बारिश आदि विपरित मौसम के दौरान धान को सुरक्षित रखने के लिए कैप कव्हर आदि की समुचित व्यवस्था, पानी आदि की निकासी की उचित व्यवस्था एवं मिलर्स को नीलाम किए गए धान के समय पर उठाव आदि के संबंध में जानकारी ली।

इस मौके पर मिश्रा ने धान के लोडिंग–अनलोडिंग के कार्य में लगे हमालों से बातचीत कर धान संग्रहण केन्द्रों में उनके लिए बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता के साथ–साथ उनके मांगों एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित जिला विपणन अधिकारी एवं संग्रहण केन्द्र के प्रभारी को हमालों एवं मजदूरों को समय पर मजदूरी भुगतान के साथ-साथ संग्रहण केन्द्र में हमालों और मजदूरों के लिए जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।





### तत्काल मजूदरी का करें भुगतान

कलेक्टर मिश्रा ने धान संग्रहण केन्द्र जगतरा में धान के लोडिंग–अनलोडिंग के कार्य में लगे मजूदरों से बातचीत की और धान उठाव के महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करने को कहा। उन्होंने हमालों के प्रतिनिधियों से बातचीत कर समय पर उनके मजदूरी भुगतान एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को हमालों तथा संग्रहण केन्द्र में काम करने वाले मजदूरों का तत्काल मजदूरी भुगतान करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने ग्राम जगतरा डीएमएफ प्रभावित क्षेत्र होने के कारण हमालों एवं मजदूरों के लिए जिला खनिज न्यास संस्थान निधि से मजदूरों के विश्राम के लिए शेड निर्माण एवं मुख्य मार्ग से मार्कफेड खाद गोदाम तक पहुँच मार्ग निर्माण के लिए भी प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने धान संग्रहण केन्द्र धोबनपुरी में पहुँचकर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि धान संग्रहण केन्द्र धोबनपुरी में 04 अप्रैल से क्रेताओं के द्वारा धान का उठाव प्रारंभ कर दिया गया है। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने धान के लोडिंग एवं अनलोडिंग के कार्य में हमालों से बातचीत कर संग्रहण केन्द्र में हमालों एवं मजदूरों के लिए विश्राम स्थल, शुद्ध पेयजल, छांव, शौचालय आदि के अलावा समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था एवं समय पर मजदूरी भुगतान आदि के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने संग्रहण केन्द्र में लगे सीसीटीवी कैमरा का भी अवलोकन किया।

# ग्राम अण्डा में विशाल आध्यात्मिक महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा



ग्राम-अण्डा में 'गायत्री परिवार' के तत्वावधान में 7 अप्रैल से 13 अप्रैल तक एक विशाल आध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस भव्य आयोजन के तहत 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ' एवं श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह' संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। आयोजन की गरिमा को बढ़ाते हुए एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई थी। पीले वस्त्रों में सजी मातृशक्ति सिर पर मंगल कलश धारण कर पूरे गांव का भ्रमण करेगी। शंखध्वनि और भक्ति गीतों के साथ निकलने वाली यह यात्रा पूरे अण्डा क्षेत्र को भक्तिमय कर देगी।

■ अण्डा में भक्ति का अनूठा संगम

विद्वान वक्ताओं का सानिध्य इस ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार दीवान (गायत्री आश्रम चांदी, डोंगरगांव) अपनी ओजस्वी वाणी से शिव महापुराण की महिमा का बखान करेंगे। साथ ही, परायण कर्ता प्रज्ञा पुत्र नितेश कुमार वैष्णव जी (शांतिकुंज प्रतिनिधि) के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 5 कुंडीय यज्ञ संपन्न कराया जाएगा।

### मानव कल्याण का संकल्प

युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा के विचारों के अनुरूप, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण है। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में बढ़ रही अशांति और कुरीतियों को दूर कर नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजक परदेशी राम सिन्हा, बिन्दा बाई सिन्हा आयोजकों की अपील अण्डा और आसपास के समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की गई है कि इस पुण्यमयी आयोजन में सपरिवार पधारकर कलश यात्रा और महायज्ञ का लाभ उठाएं और पुण्य के सहभागी बनें।

# भाजपा ने घर-घर जाकर दी योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

भारतीय जनता पार्टी के "गांव चलो, घर-घर चलो" अभियान के तहत ग्राम सिर्री के बूथ क्रमांक 220 एवं 221 में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी और लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। अभियान में मुख्य रूप से जिला भाजपा उपाध्यक्ष श्री ठाकुर राम चंद्राकार, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष टीआर डहरे, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीकांत वर्मा, किसान मोर्चा जिला मंत्री नेमलाल यादव, राजेंद्र चंद्राकर, ग्राम सरपंच श्रीमती भारती देवांगन, केशव चंद्राकर, नंदू वर्मा, सह संयोजक गुलाब देशलहरा, जगत वर्मा, खेमलाल देवांगन, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष जीतू देवांगन सहित कई वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस दौरान बूथ अध्यक्ष सनत पवार, मनोज देवांगन, दानी सपहा, सुरेश यादव, हरिशंकर, मन्नू राउत, मनोज खरे, धनीराम यादव, रामनारायण धुरंधर सहित अन्य ज्येष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं आम जनता के जीवन स्तर को सुधारने के उद्देश्य से बनाई गई हैं।

उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया और आगामी समय में भी इस तरह के जनसंपर्क कार्यक्रम लगातार जारी रखने की बात कही।

### अमित बघेल को मिली जमानत



**अंडा।** छत्तीसगढ़ीयावाद के लिए लगातार आवाज बुलंद करने वाले जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष अमित बघेल को मिला अंतरिम जमानत सत्य के इस जीत के लिए सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ीया समाज में उत्साह उमंग भर आया है, आगे की लड़ाई पूरी बुलंदी के साथ लड़ने तो तैयार। प्रदेश के सभी सेनानी पदाधिकारी में खुसी की लहर है। वीआईपी चौक में छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति टूटने के बाद भाजपा सरकार का किया था जबर विरोध, छत्तीसगढ़ भाजपा सरकार के खिलाफ बड़े विकल्प अमित बघेल को द्वेषपूर्ण तरीके से किया गया था गिरफ्तार। दुरुग ग्रामीण विधानसभा छाया विधायक कामेश्वर साहू ने कहा अभी लड़ाई अधूरी है हम सब छत्तीसगढ़ महतारीं के आजादी और छत्तीसगढ़ीया स्वाभिमान के लिए निरंतर लड़ते रहेंगे। मूर्ति तोड़ने के विरोध में सरकार से छत्तीसगढ़ महतारी के कासा के मूर्ति की मांग रखी थी। सीसी टीवी फुटेज सार्वजनकि करने की थी पहिली शर्त। खुद की माता जी के अंतिम संस्कार के दिन दिया था गिरफ्तारी, सरेंडर के लिए अपना किये वादा को पूरा किया था।

# गांव चलो अभियान के जरिए 51 बूथों पर जनसंपर्क तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख के निर्देश पर कुसुमकसा मण्डल मे पूरे 51 बूथों मे स्थापना दिवस मनाया गया व पूरे मण्डल के बड़े-बड़े गांव क़ो चिन्हकित कर 18 आइये गांव जहां जनसख्या 900 से अधिक है इस ग्रामों में केंद्र सरकार व राज्य सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभ क़ो जन जन तक पहुंचा जा जिसमें गॉव के प्रत्येक घर में जा के शासन की योजनाओं क़ो जागरूकता के आधार पर बताया जा रहा है। मण्डल के गॉव चलो अभियान के सयोजक बसंत जैन जो इस कार्यक्रम क़ो पूरे सुचारु रूप से चला रहे है जिसमें आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार अब डोंडी लोहारा विधानसभा मे मिलेंगे व भाजपा के छोटे- छोटे कार्यकर्ताओ में जो उमग व जोश देख कर कुसुमकसा मण्डल के सभी पदाधिकारी खुश नजर आ रहे हैं साथ ही योगेंद्र सिन्हा गांधी अध्यक्ष भाजपा मण्डल कुसुमकसा, मंडल के महामंत्री मितेंद्र वैष्णव व पोषण भुआय हर दिन सभी भाजपा के बूथ अध्यक्ष सयोजक सहसयोंजक शक्ति केंद्र प्रभारी सहित सभी कार्यकर्ताओ क़ो फोन के माध्यम से कार्यक्रम क़ो सुचारु रूप से चलाने का आह्वान कर रहे है आने वाले दिनों मे कुसुमकसा मण्डल भाजपा का गढ़ बनेगा।

# विश्व नवकार महामंत्र दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया

**डौंडीलोहारा।** नगर के ओसवाल भवन में गुरुवार को विश्व नवकार महामंत्र दिवस जैन आचार्य भगवान श्री रामलाल मसा के सुशिष्य संत अक्षय मुनीजी मसा, संत दिनेश मुनिजी मसा एवं साध्वी प्रमिला श्रीजी मसा, सुप्रिया श्रीजी मसा तथा अनुजा श्रीजी मसा के पावन सानिध्य में चतुर्विध संघ की उपस्थिति में श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर सहित बाहर से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं जैनेतर बंधु भी शामिल हुए। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं ने एक स्वर और एक लय में लगभग पौन घंटे तक नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया, जिससे वातावरण भक्तिमय और ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए संत अक्षय मुनीजी मसा ने कहा कि आज का दिवस विश्व स्तर पर एक साथ नवकार महामंत्र के जाप का पावन अवसर है, जो सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने जैन संस्कृति की महानता बताते हुए कहा कि भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और पूरे विश्व में उनकी स्वीकार्यता बढ़ रही है। संतश्री ने समाज में बढ़ती कुरीतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को सही दिशा देने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने आह्वान किया कि धर्म के साथ-साथ राष्ट्र और समाज की रक्षा भी आवश्यक है।

समाज में व्याप्त विकृतियों से भागने के बजाय उनका सुधार करना चाहिए। उन्होंने श्रावक-श्राविकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में नवकार महामंत्र को अपनाएं और प्रतिदिन कम से कम 11 बार या एक माला जाप का नियम लें। साथ ही बच्चों को संस्कार देने, साधु-संतों के प्रति श्रद्धा बढ़ाने और जैन आचार-विचार का पालन करने पर जोर दिया।संतश्री ने यह भी कहा कि धन अर्जित करना गलत नहीं है, लेकिन अनैतिक तरीकों से कमाया गया धन जीवन को पतन की ओर ले जाता है। उन्होंने अहंकार त्यागकर प्रेम, संयम और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में जैन संस्कार पाठशाला के बच्चों ने गीतिका के माध्यम से नवकार महामंत्र का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया, जिसने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, अनुशासन और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# भोला अरजाल बाबा की जयंती पर उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



देवार समाज के आराध्य देव भोला अरजाल बाबा की जयंती 6 अप्रैल को ग्राम अरजाल में भक्ति, आस्था और सामाजिक एकता के अद्भुत संगम के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर आसपास के गांवों के साथ-साथ प्रदेशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन हेतु पहुंचे। "अड़जाल वाले बाबा" के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा और विश्वास ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। भोला बाबा देवार समाज कल्याण समिति, जिला बालोद के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में समाज के लोगों के साथ-साथ नगर और ग्रामीण अंचल के नागरिकों की भी सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। आयोजन स्थल पर पारंपरिक पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम शामिल हुए, जबकि अध्यक्षता प्रितम सिंह मेरावी ने की। विशेष अतिथियों में चिरपाल नेताम, भोला नेताम और तोरण लाल साहू सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत कर समाज के पदाधिकारियों ने उन्हें सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में कार्यभारी अध्यक्ष अनुप सोरी और उनकी टीम की अहम भूमिका रही। समारोह के दौरान देवार समाज ने अपने अधिकारों को लेकर मजबूत स्वर बुलंद किया। समाज के मुखिया एवं पदाधिकारियों ने अतिथियों को एक मांग पत्र सौंपते हुए देवार समाज को आदिवासी वर्ग में शामिल करने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि समाज की परंपराएं, संस्कृति, गोत्र, विवाह एवं धार्मिक रीति-रिवाज पूरी तरह आदिवासी (गोंड) परंपरा पर आधारित हैं, इसके बावजूद उन्हें अनुसूचित जाति की श्रेणी में रखा गया है, जो न्यायसंगत नहीं है।



■ देवार समाज ने बुलंद की आदिवासी दर्जे की मांग

### आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित हो

उन्होंने आगे कहा कि समाज की यह मांग केवल सामाजिक पहचान की नहीं, बल्कि शिक्षा, रोजगार और विकास के समान अवसरों की भी है। समाज चाहता है कि यह मुद्दा संसद और राज्यसभा तक पहुंचे, ताकि देवार समाज को न्याय मिल सके और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित हो। जयंती समारोह में उमड़े जनसमूह ने एक स्वर में समाज की एकजुटता और अपने आराध्य के प्रति अटूट आस्था का परिचय दिया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक अधिकारों के लिए एक सशक्त मंच के रूप में भी उभरा।

### शिक्षा और स्थायी जीवन की ओर बढ़ते कदम

मांग पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि देवार समाज के अधिकांश लोगों के सरनेम टेकाम, सोरी, नेताम, मंडावी, मरकाम जैसे आदिवासी समुदाय से मेल खाते हैं। कंकालीन बुढ़ीमाई, बुढ़ादेव, ठाकुर देव जैसे देवी-देवताओं की पूजा भी समाज की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा है। इसके बावजूद समाज को अब तक आदिवासी दर्जा नहीं मिल सका है। देवार समाज के अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि समाज ने लंबे समय तक घुमंतू जीवन व्यतीत किया, जिसमें भीख मांगना, गोदना गोदना, बंदर नचाना और पारंपरिक नृत्य-गान के माध्यम से जीवनयापन करना उनकी मजबूरी रही। लेकिन अब समय के साथ समाज में शिक्षा और जागरूकता आई है और लोग स्थायी जीवन की ओर अग्रसर हो रहे हैं। ऐसे में शासन से अपेक्षा है कि समाज को उसका उचित अधिकार देते हुए आदिवासी वर्ग में शामिल किया जाए।

# जिपं सीईओ ने पैदल चलकर जांची आवासों की गुणवत्ता, बच्चों के साथ चखा मध्यान्ह भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

जिला पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनिल चंद्रवशी जनपद पंचायत डौण्डी के ग्राम पंचायत कुसुमकसा में निर्माणाधीन आवास एवं पूर्ण आवास का निरीक्षण कर हितग्राहियों को निर्देश दिए गए कि आवासो को 30 अप्रेल 2026 तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया साथ ही सभी पूर्ण आवासों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग (सोकपिट) निर्माण करने के लिए भी निर्देश दिया गया है। पुनारद मंडावी, हीरालाल सिंद्रामे, कामिन साहू, राजिम बाई, पुरषोत्तम चिराम, गिरवर सिंह के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। जिला पंचायत सीईओ के साथ प्रशासनिक अमला पुनारद मंडावी के आवास का निरीक्षण करते ग्राम की



गलियों में सभी आवासों का लगभग एक किलोमीटर पैदल चल कर निरीक्षण करते प्राथमिक शाला क्रमांक 1 पहुंचकर बच्चों से उनके शिक्षा, मध्यान्ह भोजन के संबंध में चर्चा की। बच्चों के लिए बने मध्यान्ह भोजन को बच्चों के साथ चखा और खाना स्वादिष्ट बनने की तारीफ करते अच्छा खाना बनाने के लिए रसोइयों को पुरस्कृत भी किया।

नितिन जैन उपसरपंच ने अवगत कराया की उक्त शाला भवन सौ साल पूर्ण कर लिया है तो उन्होंने शाला के अभिलेखों को देखा और कहा की इतना पुराना रिकार्ड को सहेजने की तारीफ की इसके बाद आदिवासी कन्या आश्रम व प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर वेदबाई पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, नितिन जैन उपसरपंच, पंचगण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत डौण्डी, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), जिला समन्वयक (प्रमंआयोग्रा), जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, उपभियंता, तकनीकी सहायक, विकासखण्ड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, विकास खंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, नोडल अधिकारी, तकनीकी सहायक आवास, एवं ग्रामीण जन, आवास हितग्राही, अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टैम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411